# दे दे थोड़ा प्यार मैया तेरा क्या घट जायेगा लिरिक्स

**दे दे थोड़ा प्यार मैया तेरा क्या घट जायेगा**

दे दे थोड़ा प्यार मैया,
तेरा क्या घट जायेगा,
ये बालक भी तर जायेगा,
दे दे थोड़ा प्यार ।

दे दिया तुमने, सबको सहारा माँ,
जो द्वारे आया है,
भर दिया दामन, उसका ख़ुशी से माँ,
जो अर्जी लाया है,
मुझको देने से,
मुझको देने से खजाना,
कम नही हो जायेगा,
ये बालक भी तर जायेगा
दे दे थोड़ा प्यार ।।

है पुराना माँ, रिश्ता हमारा जो,
उसे तुम याद करो,
करदे कृपा ओ माँ, बालक तुम्हारा हूँ,
मेरे सिर पर हाँथ धरो,
प्यार का रिश्ता,
प्यार का रिश्ता हमारा,
टूटने ना पायेगा,
ये बालक भी तर जायेगा,
दे दे थोड़ा प्यार ।।

कश्ती मेरी ये माँ, तेरे हवाले है,
इसे तुम पार करो,
गर दे दिया मुझको, तूने किनारा माँ,
तो ये विस्वास करो,
ये तेरा दरबार,
ये तेरा दरबार जय जयकारो,
से गुंज जायेगा,
ये बालक भी तर जायेगा,
दे दे थोड़ा प्यार ।।

दे दे थोड़ा प्यार मैया,
तेरा क्या घट जायेगा,

ये बालक भी तर जायेगा,
दे दे थोड़ा प्यार ।।